अग्रवाल महाविद्यालय के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के स्वयंसेवकों ने चंदावली गांव में हेल्थ व हाईजीन जागरूकता अभियान चलाया

आज दिनांक 26 मई 2022 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के बैनर तले महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के निर्देशन में महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव चंदावली में हेल्थ एवं हाईजीन विषय पर आमजन को जागरूक करने का अभियान चलाया। महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम कॉर्डिनेटर सुभाष कैलोरिया के साथ मिलकर गांव चंदावली में स्वयंसेवकों ने उपस्थित जनसमूह को जर्म कंट्रोल वाइप्स वितरित किए व उसे प्रयोग करने के विषय में बताया। ग्रामीणों को अपने घरों के कूड़े कचरे को डस्टबिन में डालने के लिए जानकारी दी गई। हाल ही में डेंगू के बढ़ते हुए प्रकोप से बचने के लिए आमजन को अपने घरों में लंबे समय से एकत्रित पानी को निकालने के लिए संदेश दिया।अग्रवाल महाविद्यालय समय-समय पर ऐसे जागरूकता अभियान आयोजित करता रहता है।